थम गया शहर, जन-गण ने मन से गाया 'जय हे'

मां तुझे प्रणाम के तहत 21 तिराहों-चौराहों पर हुआ सामूहिक राष्ट्रगान, नगर निगम, पुलिस और प्रशासन के सहयोग से पहली बार हुआ ऐसा आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

अमर उजाला की मुहिम के तहत शहर के 21 चौराहों पर एक साथ राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान राष्ट्रगान के सम्मान में सड़कों पर जो जहां था, वहीं रुक गया। संवाद

गोरखपुर। अमर उजाला की अनूठी मुहिम 'मां तुझे प्रणाम' की कड़ी में सोमवार (15 अगस्त) को शहर के 21 चौराहों पर एक साथ सामूहिक राष्ट्रगान हुआ।

इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की मदद से राष्ट्रगान बजाया गया और 52 सेकेंड तक शहर रुक सा गया। जो जन-गण जहां थे वहीं पूरे मन से जय हे का गान करने लगे। मेयर सीताराम जायसवाल और नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने शास्त्री चौक पर खड़े होकर राष्ट्रगान किया।

नगर निगम, पुलिस, प्रशासन व अमर उजाला ने स्वतंत्रता दिवस पर अनूठी पहल की। शहर के 21 चौराहों-तिराहों पर सुबह नौ बजे सभी सिग्नल लाल हो गए। चौराहों पर लगे एड्रेसिंग प्रणाली पर सामूहिक राष्ट्रगान की सूचना प्रसारित करने के साथ ही राष्ट्रगान बजने लगा। शहर थम सा गया और लोग बाइक, कार, ऑटो व ई-रिक्शा से उतरकर सामूहिक राष्ट्रगान करने लगे। हर चौराहे पर यातायात सिपाही सजग दिखे।

पहले से तय समय पर यातायात रोक दिया और सामूहिक राष्ट्रगान को ऐतिहासिक बनाया। नगर निगम के कर्मी भी तैनात रहे। इस पहल की चर्चा दिनभर होती रही। परंपरा जेम्स एंड ज्वेल्स के निदेशक संजय अग्रवाल ने गणेश चौक पर खड़े होकर राष्ट्रगान किया और इस पहल को शानदार बताया।

उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है, जब एक साथ तिराहों और चौराहों पर सामूहिक राष्ट्रगान हुआ है। जैसे ही राष्ट्रगान की धुन बजी, वैसे ही सब सावधान की मुद्रा में आ गए। अपना वाहन छोड़कर सड़क पर खड़े हो गए। राष्ट्रगान के बाद भारत माता के जयकारे भी लगाए गए। तिराहों व चौराहों पर उत्सव जैसा माहौल रहा।

इन स्थानों पर हुआ सामूहिक राष्ट्रगान

मोहद्दीपुर, कूड़ाघाट तिराहा, अग्रसेन तिराहा, बरगदवां तिराहा, खजांची चौक, पादरी बाजार, यूनिवर्सिटी चौराहा, आंबेडकर चौराहा, छात्रसंघ चौराहा, शास्त्री चौक, यातायात तिराहा, असुरन चौक, काली मंदिर तिराहा, गोलघर, कचहरी चौराहा, बेतियाहाता चौराहा, ट्रांसपोर्टनगर चौराहा, नौसड़ तिराहा, रुस्तमपुर चौराहा, पैडलेगंज और अमर उजाला तिराहा पर सामूहिक राष्ट्रगान की व्यवस्था की गई थी।

दवा विक्रेता समिति ने रैली पर पुष्प बरसाकर अभिनंदन किया। अमर उजाला

प्रेस क्लब अध्यक्ष मारकंडे मणि त्रिपाठी व अन्य ने रैली का स्वागत किया। संवाद

प्रसारित सूचना से मिला फायदा

आईटीएमएस की मदद से सामूहिक राष्ट्रगान की सूचना पहले से ही प्रसारित की जा रही थी। जैसे ही नौ बजे, वैसे ही वाहन छोड़कर सड़क पर खड़े हो गए। मेयर सीताराम जायसवाल, नगर आयुक्त अविनाश सिंह, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी यातायात डॉ. एमपी सिंह का विशेष सहयोग रहा है।

मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम से संबंधित खबरें व फोटो amarujala.com पर